आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। कहा— नागरिकों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिलेगी।
- विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा— मानक किसी राष्ट्र की गुणवत्ता संस्कृति के द्योतक होते हैं।
- बागेश्वर जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नुमाइशखेत में आयोजित सहकारिता मेले में विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया।
- रुद्रप्रयाग में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का पांच दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू।

**हल्द्वानी सिटी बस सेवा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हल्द्वानी सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिटी बस सेवा से नागरिकों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से शहर के यातायात दबाव में कमी आएगी, प्रदूषण घटेगा और ऊर्जा संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड के प्रत्येक नगर में आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, ताकि आम जन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिटी बस सेवा को चरणबद्ध तरीके से शहर के प्रमुख मार्गों पर शुरु किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को अधिक सुविधा मिलेगी।

**विश्व मानक दिवस**

भारतीय मानक ब्यूरो— बीआईएस, देहरादून शाखा द्वारा विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में आज देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि मानक किसी राष्ट्र की गुणवत्ता संस्कृति के द्योतक होते हैं। जब हम मानकों का पालन करते हैं, तो हम केवल गुणवत्ता नहीं बढ़ाते, बल्कि संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, उपभोक्ता संरक्षण और वैश्विक सहयोग को भी प्रोत्साहन देते हैं। उन्होंने कहा कि जब उद्योग मानकों को अपनाते हैं, तो उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान और विश्वसनीयता मिलती है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मानक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को जन—जन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए दूरदर्शन समाचार और आकाशवाणी समाचार देहरादून के अधिकारियों सहित अन्य

लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों, उद्योग जगत से जुड़े लोग और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार की मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत आज हल्द्वानी से 32 श्रद्धालुओं के एक दल को हरी झंडी दिखाकर गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान कराना और उनके जीवन में आध्यात्मिक शांति व आनंद का संचार करना है। पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालुओं के इस दल में 19 महिला और 13 पुरुष यात्री शामिल हैं। श्रद्धालु गंगोत्री धाम सहित मार्ग के विभिन्न पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। उनके आवास, भोजन आदि की व्यवस्था गढ़वाल मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास केन्द्रों में की गई है।

## आयुष्मान शिविर

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की ओर से आज राजभवन में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 से अधिक लाभार्थियों की आभा आई.डी बनाई गई। साथ ही उन्हें आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि आभा आईडी के जरिए लाभार्थी अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटली सुरक्षित रख सकते हैं। वहीं क्यू.आर कोड स्कैन कर अस्पताल में ओपीडी पर्चा बनाने से लेकर डॉक्टरी परामर्श के लिए समय लेकर अस्पतालों में लगने वाली कतारों से बचा जा सकता है। इस मौके पर मिशन से संबंधित विभिन्न जानकारियों पर बनी लघु फिल्म को भी दिखाया गया।

## सौरभ बहुगुणा

बागेश्वर जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नुमाइशखेत में आयोजित सहकारिता मेले में आज विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले में लाभार्थियों से संवाद किया, उनकी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली और पात्र हितग्राहियों को चेक वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मेले स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का पांच दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरु हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे इन योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने पंचायत सदस्यों को 73वें संविधान संशोधन, पंचायती राज अधिनियम– 2016 के प्रावधानों, जिला पंचायत के वित्तीय संसाधनों और बजट निर्माण की प्रक्रिया आदि की विस्तार से जानकारी दी। 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता और प्रभावशीलता से संबंधित प्रशिक्षण देंगे।

## **पोषण माह**

आगामी 17 अक्टूबर को राष्ट्रीय पोषण माह का समापन होने जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेशभर से आंगनबाड़ी कार्यकत्री और अन्य महिलाएं शामिल होंगी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में विभागीय अधिकारियों की बैठक में इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के उचित पोषण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही पोषण किट और महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया जाएगा।

## **बीएचईल जागरुकता**

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड– बीएचईएल हरिद्वार में आगामी 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक, सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस क्रम में ग्रामीण क्षेत्र में भ्रष्टाचार के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए आज औरंगाबाद गांव में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ किया गया, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने सदैव ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध रहकर, भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देने का संकल्प किया। बीएचईएल अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों को सतर्कता आयोग की इस मुहिम की जानकारी देने के साथ ही उन्हें भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में जनमानस की सहभागिता के महत्व से भी परिचित कराया गया।